Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya
इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय
Krishi Vigyan Kendra, Narayanpur (CG)
कृषि विज्ञान केन्द्र, नारायणपुर (छ.ग.)
Email : kvk_narayanpur@rediffmail.com, Website : www.kvknarayanpur.org

क्र./कृ.वि.के./ सं.भर्ती/2022-23/690 नारायणपुर दिनांक 19.01.2023.

## संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन

इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, नारायणपुर, केरलापाल में निम्नलिखित रिक्त पदों पर निश्चित वेतनमान पर संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र **वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र, नारायणपुर, केरलापाल (छ.ग.)- 494661** को संबोधित करते हुए स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक से दिनांक **22.02.2023** कार्यालयीन समय तक छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों से विज्ञापन में दर्शित निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा. **डाक द्वारा अंतिम तिथि उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर यह कार्यालय ज़िम्मेदार नहीं होगा.** व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में सीधे/खुला अथवा कोरियर द्वारा प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे. पदों का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| क्र. | पदनाम | संविदा का निश्चित वेतनमान (रूपए प्रति माह ) | श्रेणीवार आरक्षित पदों की संख्या | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.वि.व. | |
| 1. | कार्यक्रम सहायक (पौध रोग विज्ञान) | 25780/- | 01 | - | - | - | 01 |
| 2. | कार्यक्रम सहायक (कंप्यूटर) | 25780/- | 01 | - | - | - | 01 |

**आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि : 22.02.2023**

आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप एवं विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, जिसमें विज्ञापित पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक व अन्य अर्हताए, आयु, चयन की प्रक्रिया, इत्यादि कार्यालय के सूचना पटल व विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.igau.edu.in एवं कृषि विज्ञान केंद्र, नारायणपुर के वेबसाइट www.kvknarayanpur.org पर देखी जा सकती हैं.

| पदनाम | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|
| कार्यक्रम सहायक (पौध रोग विज्ञान) | किसी मान्यता प्राप्त कृषि विश्वविद्यालय से न्यूनतम 2.75/4.00 OGPA अथवा 6.50/10.00 OGPA के साथ पौध रोग विज्ञान में कृषि स्नातकोत्तर की उपाधि। |
| कार्यक्रम सहायक (कंप्यूटर) | बी.ई/बी.टेक (कंप्यूटर साइंस या आई.टी) की स्नातक उपाधि न्यूनतम 60 प्रतिशत अंको के साथ या एम.एस.सी. (कंप्यूटर साइंस या आई.टी) की स्नातकोत्तर उपाधि या एम.सी.ए. की स्नातकोत्तर उपाधि 60 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण तथा वेब एप्लीकेशन के विकास कार्यों का न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव। कंप्यूटर के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी। |

Senior Scientist & Head
KVK-Narayanpur

**नियम एवं शर्ते : -**

1. आवेदन पत्र के साथ स्वं सत्यापित सभी प्रमाण पत्र एवं नवीनतम पासपोर्ट साइज़ का फोटो संलग्न करे |
2. उपरोक्त सभी पदों को भरने / न भरने का तथा रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाने / घटाने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय को होगा तथा किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा |
3. भर्ती प्रक्रिया इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय गैर शिक्षकीय सेवा भर्ती विनियम 2016 में विहित प्रावधान अनुसार की जावेगी |
4. विश्वविद्यालय अधिसूचना क्र./स्था.04 /नस्ती क्र. 114 /2020 /6414 दिनांक **20.01.2020** द्वारा संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रिया दिए गए स्कोर कार्ड के आधार पर किया जायेगा |
5. अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अ.ज.जा./ अ.जा. एवं अ.पि.वर्ग. हेतु आरक्षण) नियम 2012 के अनुसार होगा |
6. छत्तीसगढ़ की स्थानीय महिला उम्मीदवार हेतु प्रत्येक संवर्ग में 30 प्रतिशत आरक्षण नियमानुसार उपलब्ध होगा |
7. नि:शक्तजनो हेतु 06 प्रतिशत आरक्षण नियमानुसार उपलब्ध रहेगा |
8. अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य हैं | (प्रमाण पत्र संलग्न करे )
9. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक हैं | प्रमाण पत्र के अभाव में आरक्षण का लाभ दिया जाना संभव नहीं होगा |आवश्यक होने पर विश्वविद्यालय प्रमाण पत्र की वैधता की जाँच करा सकता हैं |
10. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि **22.02.2023** को अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से कम एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए | जन्म तिथि के प्रमाणीकरण हेतु प्रमाण पत्र संलग्न करे |
11. अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों, महिला उम्मीदवारो के लिए आयु सीमा में शिथिलता छत्तीसगढ़ शासन के नियमो व शर्तो के अनुसार रहेगी |
12. इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्तर पर कार्यरत कर्मी को अधिकतम आयु सीमा में 05 (पांच) वर्ष की छुट प्राप्त होगी |
13. शासकीय/अर्धशासकीय संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र नियोक्ता के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना होगा | आवेदन पत्र की अग्रिम प्रति प्राप्त होने की स्तिथि में साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता का अन्नापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा अन्यथा साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे |
14. अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा |
15. अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को रु. 300/- एवं अ.जा./अ.ज.जा. के अभ्यर्थियों को रु. 200/- का डिमांड ड्राफ्ट **वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र,नारायणपुर** के नाम से आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा | किसी भी स्थिति में राशि वापस नहीं की जावेगी |
16. अपूर्ण, अस्पष्ट, त्रुटिपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र अमान्य कर दिए जावेंगे तथा इस सम्बन्ध में कोई सुचना नहीं दी जावेगी |
17. संविदा नियुक्ति प्रथमत: 01 वर्ष अथवा परियोजना अवधि अथवा पद पर नियमित नियुक्ति (चयन/पदोन्नति द्वारा पदस्थापना ) जो भी कम हो के लिए की जावेगी | पद नियमित रूप से न भरने की स्थिति में विश्वविद्यालय की पूर्व अनुमति से संविदा नियुक्ति 01-01 वर्ष कर 01 बार बढाई जा सकती हैं, जिसके लिए पृथक से नियुक्ति प्रक्रिया करने

Dibyendu
Senior Scientist & Head
KVK-Narayanpur

की आवश्यकता नहीं होगी | किसी भी स्थिति में संविदा नियुक्त 02 वर्ष से अधिक अवधि के लिए नहीं की जावेगी | (02 वर्ष की संविदा नियुक्ति पूर्ण होने पर पुन: नियुक्ति प्रक्रिया किया जाना आवश्यक होगा) |

18. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को नियमित कर्मियों के सामान आकस्मिक अवकाश एवं ऐच्छिक अवकाश की पात्रता होगी | किन्तु अन्य किसी प्रकार का अवकाश नहीं दिया जायेगा | आकस्मिक अवकाश एवं ऐच्छिक अवकाश पूर्ण महीनो के लिए अनुपातिक आधार पर दिए जावेंगे |
19. किसी भी अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा पर होने पर यह नियमितीकरण के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं करेगा ना ही उस पद के विरुद्ध उस व्यक्ति विशेष को नियमित भर्ती के समय कोई प्राथमिकता /छुट दी जावेगी |
20. संविदा पर निश्चित वेतन के अतिरिक्त अन्य भत्ते देय नहीं होंगे | किन्तु संविदा पर नियुक्ति व्यक्ति को उस पद के टी.ए./डी/ए. प्राप्त होगा | यदि राज्य शासन / राज्य शासन के मंडल निगम / आयोग / विश्वविद्यालय / प्राधिकरण आदि से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की नियुक्ति की जाती हैं तो उन्हें छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार वेतन का भुगतान किया जावेगा | संविदा पर कार्यरत कर्मचारी का वेतन परियोजना / कृषि विज्ञान केंद्र में रिक्त नियमित पद/ तदर्थ पद के विरुद्ध आहरित होगा | छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संविदा वेतन एवं टी.ए./डी/ए. के समय-समय पर किये जाने वाले संशोधन उसी तिथि से विश्वविद्यालय में लागू होंगे |
21. अभ्यर्थी का कार्य संतोषप्रद न होने पर एक महीना का नोटिस देकर उनकी सेवाये समाप्त की जा सकेंगी | नियुक्त व्यक्ति भी एक महीने की नोटिस देकर सेवा से त्याग-पत्र दे सकता हैं |
22. चयन हेतु साक्षात्कार का आयोजन नहीं होगा, भर्ती मेरिट के आधार पर की जावेगी |
23. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए नियत की गयी न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा |
24. कोई भी पुरुष अभ्यर्थी जिसकी एक से अधिक पत्नी जीवित हो या ऐसी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे पुरुष के साथ विवाह किया हो जो पूर्व से विवाहित हो और उसकी पत्नी जीवित हो , विश्वविद्यालय की सेवा के लिए अर्ह नहीं माने जावेंगे |
25. ऐसे अभ्यर्थी जिसकी दो से अधिक संतान हैं जिनमे से एक का जन्म 26.01.2001 को या उसके पश्चात हुआ हो, नियुक्ति के पात्र नहीं होगा|
26. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती हैं तो की गयी नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी | साथ ही सम्बंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी |
27. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं वेतनमान स्पष्ट रूप से लिखे |
28. आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा लिफाफा 5 रु. का डाक टिकिट सहित अनिवार्य रूप से संलग्न करे |
29. पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची दिनांक **10.03.2023** को विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.igau.edu.in में अपलोड की जावेगी | जिन अभ्यर्थियों को अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत करना होगा, वे सूची प्रसारित होने के 07 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करेंगे | निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा |
30. विज्ञापन, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य समस्त सम्बंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.igau.edu.in एवं कृषि विज्ञान केंद्र, नारायणपुर के वेबसाइट www.kvknarayanpur.org पर उपलब्ध हैं | आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है |

Dibyendu

**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख**
**कृषि विज्ञान केंद्र, नारायणपुर**
**Senior Scientist & Head**
**KVK-Narayanpur**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

.................................................

.................................................

.................................................

स्व प्रमाणित हाल की पासपोर्ट साईज की फोटो चस्पा करें ।

विज्ञापन कमांक एवं दिनांक : ..................................................

आवेदित पद का नाम एवं : ..................................................

संविदा का निश्चित वेतन (रुपये प्रति माह) : ..................................................

01. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) : ..................................................

(अंग्रेजी कैपिटल लेटर में) : ..................................................

02. पिता / पति का नाम : ..................................................

03. लिंग (महिला / पुरूष) : ..................................................

04. वैवाहिक स्तर एवं विवाह दिनांक (विवाहित / अविवाहित / विधवा / विधुर) ..................................................

05. पति / पत्नी का नाम ..................................................

06. विवाहित होने पर जीवित बच्चों की संख्या .................. जन्म दिनांक..................................

07. 26.01.2001 को या उसके के पश्चात् जन्म लिये बच्चों की संख्या ..................जन्म दिनांक ..................................

08. यदि निःशक्तता हैं तो निःशक्तता का प्रकार 1. दृष्टिबाधित 2. श्रवण बाधित 3. अस्थि बाधित

09. निःशक्तता का प्रतिशत ..................................................

10. जाति ..................................................

11. संवर्ग (सामान्य / अपिवर्ग / अ.जा. / अ.ज.जा.) (आरक्षित वर्ग सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) ..................................................

12. छ.ग. मूल निवासी प्रमाण पत्र हाँ / नहीं (यदि हाँ तो संलग्न करें)

13. जन्म तिथि (अंको में) ..................................................

(शब्दों में) ..................................................

14. दिनांक .................... को आयु .................... वर्ष .................... माह .................... दिन

15. स्थाई पता ..................................................

..................................................

..................................................

16. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (मोबाइल कमांक एवं ई–मेल आई.डी. सहित) ..................................................

..................................................

..................................................

17. शैक्षणिक योग्यता :–

| क. | उत्तीर्ण परीक्षा / डिग्री | बोर्ड / वि0वि0 का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय | प्राप्त प्रतिशत / ग्रेड | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

18. अनुभव

| क. | कार्यालय का नाम | पदनाम एवं कार्य की प्रकृति | अवधि |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

19. वर्तमान में कहीं कार्यरत हो तो कार्यालय का नाम एवं पदनाम (कार्यालय प्रमुख का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें) ..................................................

..................................................

..................................................

20 विश्वविद्यालय स्तर पर एन.सी.सी. / एन.एस.एस., खेल–कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियॉं (यदि हों तो प्रमाण पत्र संलग्न करें)

21. अन्य योग्यता :– ..................................................

22. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची:–

01. 02.

03. 04.

05. 06.

टीपः– जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी, जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता, प्रशिक्षण, अनुभव तथा अन्य प्रमाण–पत्रों की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें ।

आवेदक का नाम और हस्ताक्षर

## घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि उपरोक्त सभी जानकारी मेरे विवेक अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही है । इनमें से कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्व कार्यवाही की जा सकेगी । इन परिस्थितियों में नियुक्तिकर्ता अधिकारी को बिना कारण बताये मेरा चयन / नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उसका निर्णय मुझे मान्य होगा ।

स्थान :

दिनांक :

आवेदक का नाम और हस्ताक्षर